प्रस्ताव

# 5 55% मतदाता अनुमोदन के साथ किफायती आवास और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स की अनुमति देता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश**

अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 93 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- अल्प और मध्यम आय वाले California वासियों के लिए किफायती आवास और सड़कों, पानी और आग से बचाव सहित सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स की अनुमति देता है जिन्हें इस समय आवश्यक दो-तिहाई अनुमोदन की बजाए 55% मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाना ज़रूरी होता है।
- बॉन्ड्स में नागरिक निगरानी समिति और वार्षिक स्वतंत्र वित्तीय और निष्पादन लेखा-परीक्षणों सहित विनिर्दिष्ट जवाबदेही अपेक्षाएँ अवश्य शामिल होनी चाहिए।
- स्थानीय सरकारों को किफायती आवास और बुनियादी सेवा बॉन्ड्स के लिए भुगतान करने के लिए तब 1% से अधिक के संपत्ति टैक्सों का निर्धारण करने की अनुमति देता है अगर इस समय आवश्यक दो-तिहाई अनुमोदन की बजाए 55% मतदाताओं द्वारा अनुमोदित कर दिया जाए।

## राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- किफायती आवास, सहायक आवास और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के निधिकरण के लिए बढ़ा हुआ स्थानीय उधार। बढ़े हुई उधार की राशि स्थानीय सरकारों और मतदाताओं द्वारा लिए गए फैसलों पर निर्भर करेगी। उधार ली गई निधियों को बढ़े हुए संपत्ति टैक्स के साथ वापस चुकाया जाएगा।

ACA 1 (प्रस्ताव 5) पर विधानमंडल द्वारा डाले गए अंतिम मतदान
(अध्याय 173, 2023 के विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 29 | नहीं 10 |
| विधानसभा: | हाँ 55 | नहीं 12 |

ACA 10 (प्रस्ताव 5) पर विधानमंडल द्वारा डाले गए अंतिम मतदान
(अध्याय 134, 2024 के विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 31 | नहीं 8 |
| विधानसभा: | हाँ 54 | नहीं 8 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***California में आवास महंगा है।*** वर्तमान में California में एक सामान्य घर की कीमत राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है। इसी तरह, California में किराएदार अन्य राज्यों के किराएदारों की तुलना में आम तौर पर आवास के लिए लगभग 50 प्रतिशत अधिक भुगतान करते हैं।

***स्थानीय प्रोग्राम आवास के लिए भुगतान करने में मदद करते हैं।*** कुछ प्रोग्राम California के कम आय वाले निवासियों को आवास का खर्च उठाने में मदद करते हैं। उदाहरण के लिए, सरकारें कम आय वाले निवासियों के लिए आरक्षित आवास के लिए भुगतान करने में मदद करती हैं। अन्य प्रोग्राम विशिष्ट समूहों को आवास और सेवाएँ प्रदान करते हैं। ऐसे समूहों के उदाहरणों में विकलांग लोग या लंबे समय तक बेघर होने के जोखिम वाले लोग शामिल हैं। हम किफायती और सहायक आवास प्रोग्रामों को "आवास सहायता" कहते हैं।

***स्थानीय सरकारें सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए भी भुगतान करती हैं।*** स्थानीय सरकारों द्वारा भुगतान की जाने वाली बुनियादी ढांचों की परियोजनाओं के उदाहरणों में सड़कें, अस्पताल, अग्निशमन केंद्र, पुस्तकालय और जल उपचार सुविधा-स्थल शामिल हैं।

***स्थानीय सरकारें अक्सर आवास सहायता प्रोग्रामों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए भुगतान करने के लिए बॉन्ड्स का इस्तेमाल करती हैं।*** बॉन्ड्स स्थानीय सरकारों के लिए पैसे उधार लेने और फिर समय के साथ उसे ब्याज सहित चुकाने का एक तरीका है। जिस तरह से एक परिवार अपने घर पर गिरवीनामे का भुगतान करता है, उसी तरह बॉन्ड्स सरकारों को उन लागतों को कुछ दशकों में बांटकर भुगतान करने की अनुमति देते हैं।

***कुछ बॉन्ड्स के लिए स्थानीय मतदाताओं के दो-तिहाई अनुमोदन की ज़रूरत होती है।*** शहरों, काउंटियों और विशेष ज़िलों के लिए, आम तौर पर उन बॉन्ड्स को, जिनका भुगतान बढ़े हुए संपत्ति टैक्स द्वारा किया गया हो, स्थानीय मतदाताओं के दो-तिहाई अनुमोदन की ज़रूरत होती है। इन्हें सामान्य दायित्व बॉन्ड्स कहा जाता है।

## प्रस्ताव

प्रस्ताव 5 कुछ स्थानीय सरकार सामान्य दायित्व बॉन्ड्स को अनुमोदित करने के लिए California संविधान में नियमों को बदलता है। इसके लिए यह भी ज़रूरी है कि स्थानीय सरकारें विशिष्ट तरीकों से राजस्व के इस्तेमाल की निगरानी करें।

***कुछ बॉन्ड्स के लिए कम मतदाताओं के अनुमोदन की ज़रूरत होती है।*** प्रस्ताव 5 स्थानीय सामान्य दायित्व बॉन्ड्स को अनुमोदित करने के लिए आवश्यक मतदान की ज़रूरत को कम करता है अगर वे आवास सहायता या सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए वित्तपोषण प्रदान करेंगे। विशेष रूप से, प्रस्ताव 5 मतदाता अनुमोदन की ज़रूरत को दो-तिहाई से घटाकर 55 प्रतिशतकर देता है।

***विशिष्ट निरीक्षण गतिविधियाँ आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 5 में स्थानीय सरकारों द्वारा आवास सहायता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों की सहायता करने वाली बॉन्ड निधि के इस्तेमाल की निगरानी के लिए विशिष्ट कदम उठाने आवश्यक बनाता है। उदाहरण के लिए, स्थानीय सरकारों के लिए वार्षिक स्वतंत्र वित्तीय और प्रदर्शन लेखा-परीक्षण करना अनिवार्य होगा। खर्च की निगरानी में मदद करने के लिए नागरिकों की निगरानी समितियाँ भी नियुक्त की जाएंगी।

## राजकोषीय प्रभाव

***कुछ स्थानीय बॉन्ड्स के पारित होने की अधिक संभावना है।*** कम मतदाता अनुमोदन की ज़रूरत होने से आवास सहायता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए स्थानीय सामान्य दायित्व बॉन्ड्स पारित करना आसान हो जाएगा। हाल के स्थानीय चुनाव परिणामों से पता चलता है कि प्रस्ताव 5 की कम मतदाता अनुमोदन की ज़रूरत के तहत 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत अतिरिक्त स्थानीय बॉन्ड विधेयक पारित हो गए होते। उन विधेयकों से कई वर्षों में कुछ बिलियन डॉलर जुटाए गए होते। कम मतदाता अनुमोदन होने की ज़रूरत का अर्थ यह भी हो सकता है कि स्थानीय सरकारें और अधिक विधेयकों को प्रस्तावित करें।

***आवास सहायता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए स्थानीय निधि में वृद्धि।*** स्थानीय बॉन्ड्स के अनुमोदन में वृद्धि होने से आवास सहायता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों के लिए उपलब्ध निधि में वृद्धि हो सकती है। इस वृद्धि की राशि स्पष्ट नहीं है। हाल ही के रुझानों के आधार पर, यह कई वर्षों में कम से कम कुछ बिलियन डॉलर हो सकते हैं। वृद्धि की राशि अलग-अलग स्थानीय सरकारों के लिए अलग-अलग होगी। अगर स्थानीय मतदाता अधिक बॉन्ड्स को अनुमोदन देते हैं, तो स्थानीय सरकारों को भी अधिक उधार लेने की लागत उठानी पड़ती। इन लागतों का भुगतान संपत्ति टैक्सों को बढ़ाकर किया जाता। अंततः, भविष्य में कोई भी बॉन्ड अनुमोदन स्थानीय सरकारों और मतदाताओं के निर्णयों पर निर्भर करेगा।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए*sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

प्रस्ताव 5 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 93 देखें।